भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या 341

सोमवार, 6 फरवरी, 2023 (17 माघ, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नियुक्तियों में तकनीकी विशेषज्ञों की वरीयता

341. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार वर्तमान में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की नियुक्तियों में विमानन क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को वरीयता दे रही है; और

(ख) वर्तमान में डीजीसीए के कितने पदों पर तकनीकी विशेषज्ञता, योग्यता और विमानन क्षेत्र का अनुभव रखने वाले नौकरशाहों की संख्या सहित कितने व्यक्तियों का कब्जा है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) जी हाँ। डीजीसीए में विभिन्न तकनीकी पद, उन पदों से संबंधित भर्ती नियमों में उल्लिखित अनिवार्य योग्यता के अनुसार भरे जाते हैं।

(ख) 30.01.2023 तक, नागर विमानन महानिदेशालय में ग्रुप ए, तकनीकी कर्मचारियों के लिए स्वीकृत कुल संख्या 1032 है जिसमें हाल ही में, डीजीसीए के पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान सृजित किए गए 393 तकनीकी पद शामिल हैं। डीजीसीए में नियमित आधार पर, अनुबंध के आधार पर या परामर्शदाताओं के रूप में कुल 519 तकनीकी पद भरे गए हैं। डीजीसीए के प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों से संबंधित गैर-तकनीकी पद तथा उनके सहायक कर्मचारियों के पद, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) तथा कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) आदि के माध्यम से भरे जाते हैं।

****